तत्काल

संख्या-105/1056/84-डे0ई0-13-नि0-64/08

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप डे0ई0 लखनऊ :: दिनांक 24 दिसम्बर, 2013

विषय:- वित्तीय वर्ष 2012-13 में प्रदेश के कारागारों में निरूद्ध बन्दियों की भोजन व्यवस्था हेतु गेहूँ एवं चावल की आपूर्ति के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-291स्था0एस0/बत्तीस-2013, दिनांक 07-12-2013 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत प्रकरण में आप द्वारा अपने उक्त संदर्भित पत्र के साथ जो भुगतान संबंधी विवरण उपलब्ध कराया गया है, उससे स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है कि उक्त भुगतान संबंधी विवरण किस वित्तीय वर्ष का है और उस वित्तीय वर्ष में किन-किन माहों का भुगतान होना है। अत: अनुरोध है कि कृपया भुगतान संबंधी विवरण में वित्तीय वर्ष एवं उस वित्तीय वर्ष में किन-किन माहों का भुगतान होना है, की सूचना अंकित कर शासन को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/